# स्वामी कल्याणदेव महाराज की 21वीं पुण्यतिथि

## चर्चा में क्यों?

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने **स्वामी कल्याणदेव महाराज जी की 21**वीं पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर के शुकदेव आश्रम में स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुख्य बिंदु

- **स्वामी कल्याणदेव महाराज को श्रद्धांजलि:**
  - मुख्यमंत्री ने **स्वामी कल्याणदेव जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया और** इसे भावी पीढ़ियों के लिये शाश्वत प्रेरणा का स्रोत बताया।
  - मुख्यमंत्री ने शुकदेव तीर्थ पर एक ओडिया पुस्तक का भी विमोचन किया।
  - उन्होंने शुकदेव तीर्थ में हरियाणा भवन के निर्माण के लिये 11 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।
  - उन्होंने संत के त्याग, सेवा और सुधार के जीवन पर प्रकाश डाला, जो विनम्रता तथा आध्यात्मिक खोज पर आधारित था।
  - उन्होंने कहा कि हज़ारों वर्ष पूर्व **महर्षि शुकदेव** ने इसी स्थान पर भागवत कथा के माध्यम से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति कराई थी।
- **स्वामी कल्याणदेव जी के बारे में:**
  - स्वामी कल्याणदेव जी महाराज का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था। उन्होंने **129 वर्ष** तक का जीवन व्यतीत किया और अपने जीवन को **ज्ञान, शिक्षा और सामाजिक सेवा** के लिये समर्पित कर दिया, जिसे वे अपना **सच्चा धर्म** मानते थे।
    - इन्होने वर्ष **2004** में **समाधि** ली थी।
  - उन्होंने कई स्कूल, कॉलेज और गुरुकुल स्थापित किये।
  - उन्होंने अस्पृश्यता, जातिगत भेदभाव और अन्य सामाजिक बुराइयों का विरोध किया तथा समानता, प्रेम तथा भाईचारे को बढ़ावा दिया।
  - भारत सरकार ने उन्हें उनके अद्वितीय योगदान के लिये **पद्मश्री (1982)** तथा **पद्म भूषण (2000)** जैसे प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान प्रदान किये।
  - **स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट:**
    - शुकदेव आश्रम में स्थापित स्वामी कल्याण देव सेवा ट्रस्ट विभिन्न कल्याणकारी पहलों के माध्यम से सेवा और करुणा की विरासत को आगे बढ़ाता है।
    - यह ट्रस्ट गरीबों, बीमारों और वंचितों की सहायता करता है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/21st-death-anniversary-of-swami-kalyandev-maharaj